भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1922

उत्तर देने की तारीख-19/12/2022

ऑनलाइन लर्निंग के लिए निधियों का संवितरण

†1922. श्री उत्तम कुमार रेड्डी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ऑनलाइन लर्निंग की सुविधा के लिए शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के तहत धनराशि के संवितरण के संबंध में कोई समपरीक्षा आयोजित की गई है;
(ख) यदि हां, तो निम्नलिखित योजनाओं के लिए उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन की तारीख से मई, 2021 तक धनराशि के संवितरण और उपयोग का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

एक. एस.डब्ल्यू.ए.वाई.ए.एम. (स्वयं) (स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग (एस्पायरिंग माइंड्स)
दो. डी.आई.के.एस.एच.ए. (दीक्षा)
तीन. ई-पी.जी. पाठशाला
चार. प्रौद्योगिकी संवर्धित लर्निंग संबंधी राष्ट्रीय कार्यक्रम (एन.पी.टी.ई.एल.)
पांच. वर्चुअल प्रयोगशालाएँ
छह. ई-शोधसिंधु
सात. भारतीय राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय (एन.डी.एल.आई.)
आठ. स्वयं प्रभा; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (ग) जी हां, इन योजनाओं के तहत धनराशि का वितरण प्रगति, उपयोगिता प्रमाण पत्र के आधार पर और उचित सावधानी के बाद किया जाता है। इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के अंतर्गत एक निकाय - द नैशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्मार्ट गवर्नमेंट

(एनआईएसजी) द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के राष्ट्रीय शिक्षा मिशन (एनएमईआईसीटी) योजना का एक तृतीय पक्ष मूल्यांकन आयोजित किया गया था, जिसने अक्टूबर 2020 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 2017-2020 के दौरान 1,39,80,149 शिक्षार्थियों ने स्वयं पोर्टल पर नामांकन किया था जबकि इसी अवधि के लिए लगभग 22 लाख शिक्षार्थियों के नामांकन का अनुमान था जो परियोजना की व्यापक पहुंच को दर्शाता है।
जारी निधियों/व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

योजना/परियोजना का नाम	जारी की गई धनराशि/व्यय का विवरण (रुपये करोड़ में)
स्वयं (स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स)	491.11
दीक्षा	10.61
ई-पीजी पाठशाला	60.00
प्रौद्योगिकी संवर्धित शिक्षण पर राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीटीईएल)	291.42*
वर्चुअल लैब्स	154.76
ई-शोध सिंधु	1129.96
भारत का राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय (एनडीएलआई)	64.25
स्वयं प्रभा	175.86

* यह राशि स्वयं के तहत कुल रिलीज में शामिल है

संबंधित परियोजना समन्वयक / राष्ट्रीय समन्वयक द्वारा प्रस्तुत उपयोगिता प्रमाण पत्र से निधियों की उपयोगिता का पता लगाया जाता है।

*****